प्रश्न प्रत्र - 1

विषय –हिंदी (आधार)

कक्षा – बारहवीं

निर्धारित समय : 2 घंटे **अधिकतम अंक : 40**

सामान्य निर्देश :

निम्नलिखित निर्देशों को बहुत सावधानी से पढ़िए और उनका पालन कीजिए।

इस प्रश्न पत्र में वर्णनात्मक प्रश्न पूछे गए है।

इस प्रश्न पत्र में कुल **07** प्रश्न पूछे गए है। आपको **07** प्रश्नों के उत्तर देने हैं।

प्रश्नों में आंतरिक विकल्प भी दिए गए हैं। निर्देशानुसार उत्तर दीजिए।

Q.1 निम्नलिखित दिए गए 03 शीर्षकों में से किसी 01 शीर्षक का चयन कर लगभग 200 शब्दों का एक रचनात्मक लेख लिखिए : **[5 × 1 = 5 अंक]**

(a) मादक पदार्थों के प्रति युवाओं की बढ़ती प्रवृति

(b) बाल शोषण

(c) कन्या भ्रूण हत्या

Q.2 स्वयं को रतन गढ़ निवासी मानते हुए अपने मित्र को जल एवं बिजली का अपव्यय रोकने की सलाह देते हुए एक पत्र लिखिए। **[5 × 1 = 5 अंक]**

अथवा

बन्द पड़ी सहशैक्षिक गतिविधियाँ पुनः प्रारम्भ करवाने हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रर्थाना पत्र लिखिए।

Q.3(i) कहानी में कौन–कौन से तत्व होते है ? **[3 × 1 = 3 अंक]**

अथवा

नाटक की कथा वस्तु संक्षेप में वर्णन कीजिए?

(ii) कहानी में कथानक के बारे संक्षिप्त जानकारी दीजिए। **[2 × 1 = 2 अंक]**

अथवा

नाटक में पात्र और चरित्र चित्रण किन बातों के आधार पर निर्धारित किया जाता है?

Q.4(i) उल्टा पिरामिड शैली से आप क्या समझते है? **[3 × 1 = 3 अंक]**

अथवा

फीचर और लेख में अंतर बतलाइये?

(ii) समाचार लेखन में मुखड़ा (इंट्रो) किसे कहते है ? **[2 × 1 = 2 अंक]**

अथवा

समाचार पत्रों और रेडियो समाचार में अंतर स्पष्ट कीजिये?

Q.5 निम्नलिखित 03 प्रश्नों में से किन्ही 02 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [3×2 = 6 अंक]

(i) नील जल में हिलती झिलमिलाती देह के माध्यम से कवि क्या कहना चाहता है ? **[3 अंक]**

(ii) हनुमान के अवतरण को करूण रस के बीच वीर रस का आविर्भाव क्यों कहा गया है ? **[3 अंक]**

(iii) शायर राखी के लच्छे को बिजली की चमक की तरह कहकर क्या भाव व्यंजित करना चाहता है ? **[3 अंक]**

Q.6 निम्नलिखित 04 प्रश्नों में से किन्ही 03 प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [3×3 = 9 अंक]

(i) कहानी के किस – किस मोड़ पर लुट्ठन के जीवन में क्या – क्या परिवर्तन आए। **[3 अंक]**

(ii) लाहौर अभी तक उनका वतन है और देहली मेरा या मेरा वतन ढाका है, पाकिस्तानी कस्टम अधिकारी का यह कथन किस तथ्य को उद्घाटित करता है ? **[3 अंक]**

(iii) जाति–प्रथा को श्रम विभाजन का ही एक रूप न मानने के पीछे अम्बेडकर के क्या तर्क है ? **[3 अंक]**

(iv) गाँव में महामारी फैलने और अपने बेटों के देहांत के बावजूद लुट्ठन पहलवान ढोल क्यों बजाता रहा ? **[3 अंक]**

Q.7 निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर दीजिए। [3 + 2 = 5 अंक]

(i) सिन्धु सभ्यता साधन– सम्पन्न थी, पर उसमें भव्यता का आडम्बर नहीं थी, कैसे ? **[3×1 = 3 अंक]**

अथवा

आप कैसे कह सकते है कि ऐन नारी स्वतन्त्रता की प्रबल समर्थक थी ?

(ii) मोहनजोदडों का नगर – निर्माण शिल्प कैसा है ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए। **[2 × 1 = 2 अंक]**

अथवा

आप कैसे कह सकते है कि ऐन को फिल्मों का बहुत शौक था?

node06\B0BA-BB\Kota\Board Material\Hindi\Sikar Papers\CBSE\Paper-1